Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No. ______________________

(In words)

Test Booklet No.

J—9308

PAPER—III

TOURISM ADMINISTRATION & MANAGEMENT

Time : 2½ hours] **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **32** Number of Questions in this Booklet : **26**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answers to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   No Additional Sheets are to be used.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Test Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the Test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc. is prohibited.**
10. **There is NO negative marking.**

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुये रिक्त स्थान पर ही लिखिये।

   इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ / प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले ले। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
8. **केवल नीले / काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
10. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

TOURISM ADMINISTRATION AND MANAGEMENT

पर्यटन व्यवस्था एवं प्रबंधन

PAPER – III

पश्नपत्र – III

NOTE: **This paper is of two hundred (200) marks containing four (4) sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.**

नोट : **यह प्रश्नपत्र दो सौ (200) अंकों का है एवं इसमें चार (4) खंड है। अभ्यर्थियों को इन में समाहित प्रश्नों का उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है।**

SECTION - I
खण्ड – I

Note : This section contains **five (5)** questions based on the following paragraph. Each question should be answered in about **thirty (30)** words and each carries **five (5)** marks. **(5x5=25 Marks)**

इस खंड में निम्नलिखित अनुच्छेद पर आधारित **पाँच (5)** प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीस (30)** शब्दों में अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न **पाँच (5)** अंकों का हैं। **(5x5=25 अंक)**

Travel became easier after the sixteenth century when stage coaches were built. The most revolutionary step in travel was the replacement of dirt roads with hard surface roads in the first decade of the nineteenth century. Soon Europe had its first railways which expanded into a network. Thomas Cook saw an opportunity in the new railway system and introduced package tours, traveller's cheques, hotel vouchers and other facilities making travel easy. He became the first travel agent. Steamships that followed, made international travel comfortable, bringing Americans to Europe and taking Europeans to North America in less than a week. The introduction of automobile in the beginning of the twentieth century brought travel within the reach of many people in industrialised countries.

Airlines followed and the technological changes in the transportation industry made it possible to carry hundreds of people over the oceans in a few hours at a cost which was well within the reach of the middle classes in Europe and North America. Travel was therefore, democratised which led to mass tourism in some parts of the world.

सोलहवीं शताब्दी के बाद जब स्टेज कोच निर्मित हुए तो यात्रा ज्यादा आसान हो गई। यात्रा में सर्वाधिक क्रान्तिकारी कदम उन्नीसवीं शताब्दी के प्रथम दशक में कंकड़ीली सड़कों का कड़ी सतह की सड़कों के साथ प्रतिस्थापन था। जल्द ही यूरोप में प्रथम रेलवे चालु हुआ जो नेटवर्क में विस्तृत हो गया। थॉमस कुक ने नई रेलवे प्रणाली में अवसर देखा और पैकेज टुअर, यात्री चेक, होटल वाउचर और अन्य सुविधायें प्रारम्भ की और यात्रा को आसान बनाया। वो प्रथम ट्रेवल एजेन्ट बन गया। इसके बाद भाप जहाज आये जिसने अंतर्राष्ट्रीय यात्रा को आरामदायक बना दिया। और अमेरिका के निवासियों को यूरोप तथा यूरोपियन निवासियों को उत्तरी अमेरिका में हफ्ते से कम समय में लाया। बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में ऑटोमोबाइल के आ जाने से, यात्रा को औद्योगिक देशों में बहुत से लोगों की पहुँच के अन्दर ले आया।

फिर वायु यातायात प्रारम्भ हुआ और परिवहन उद्योग में प्रौद्योगिकीय परिवर्तन ने कुछ घण्टों में ही सैकड़ों लोगों के लिये समुद्र पार करना सम्भव बना दिया और इस लागत पर, जो कि यूरोप और उत्तरी अमेरिका में मध्यम वर्ग की पहुँच के अन्दर थी। अत:, यात्रा का प्रजातंत्रीकरण हो गया जिसने विश्व के कुछ भागों में जन पर्यटन की ओर प्रवृत किया।

1. How did people travel in the ancient times ?

प्राचीन काल में लोग किस प्रकार यात्रा करते थे ?

2. How did the railways change the pattern of travel ?

किस प्रकार रेलवे ने भ्रमण का नमूना (पैटर्न) बदला ?

3. What were the contribution of the steamship companies to tourism development ?
स्टीमशिप कम्पनियों ने पर्यटन विकास में क्या योगदान दिया था ?

4. How did the introduction of automobile in the early 20th century bring revolution ?
बीसवीं शताब्दी के आरम्भ में ऑटोमोबाइल का आ जाना क्रान्ति किस प्रकार लाया ?

5. What was the contribution of Thomas cook to tourism industry ?

पर्यटन उद्योग के प्रति थॉमस कुक का क्या योगदान था ?

SECTION - II
खण्ड – II

Note : This section contains **fifteen (15)** questions each to be answered in about **thirty (30) words**. Each question carries **five (5)** marks. **(5x15=75 Marks)**

नोट : इस खंड में **पाँच-पाँच (5-5)** अंकों के **पंद्रह (15)** प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीस** (30) शब्दों में अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न **पाँच (5)** अंकों का है। **(5x15=75 अंक)**

6. Differentiate between tourist, traveller and excursionist.

पर्यटक, यात्री (मुसाफिर) और 'एक्सकर्ज़निस्ट' (भ्रमणकर्त्ता) के बीच अन्तर बताइये।

7. Explain the concept of voluntary tourism with the help of an appropriate example.

उपयुक्त उदाहरण की सहायता से एच्छिक पर्यटन की अवधारणा को स्पष्ट कीजिये।

8. Discuss the emerging dimensions of accommodation industry with special reference to Motels and Time share establishments.

मोटलों और सामयिक भागीदारी के विशेष प्रसंग में व्यवस्थापन (आवास) उद्योग के उभरते आयामों की विवेचना कीजिये।

9. Explain the term cruise tourism. Who are its greatest patrons ?

'क्रूज़ टूरिज़्म' (समुद्री यात्रा पर्यटन) के पद को स्पष्ट कीजिये। इसके वृहदत्तम संरक्षक कौन हैं?

10. Prepare an itinerary for seven days of Far East Asia for Indian people.

भारतीय लोगों के लिये दूरपूर्व एशिया का सात दिनों का यात्रा क्रम तैयार कीजिये।

11. Chalk out various requirements for setting up tour operation business.

'टुअर ओपरेशन' व्यवसाय स्थापित करने के लिये विभिन्न ज़रूरतों की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिये।

12. Define tourism marketing by giving tourism marketing mix ?

पर्यटन विपणन मिश्रण देते हुए पर्यटन विपणन की व्याख्या कीजिये?

13. What is Territorial Planning ? Give its use in the context of tourism planning ?
प्रादेशिक नियोजन क्या है? पर्यटन नियोजन के संदर्भ में उसके उपयोग बताइये।

14. Give a brief note on preservation and conservation of heritage environment.
विरासत वातावरण के परिरक्षण और संरक्षण पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

15. Discuss the application of one-tail test and two-tail test in tourism statistics ?

पर्यटन सांख्यिकी में एक-पक्षीय तथा द्वि-पक्षीय परीक्षण के अनुप्रयोग की विवेचना कीजिये।

16. Differentiate between simple hypothesis and composite hypothesis.

सरल प्राक्कल्पना और मिश्रित / यौगिक प्राक्कल्पना के बीच अन्तर कीजिये।

17. Distinguish between the theory *x* and theory *y* of motivation ?

अभिप्रेरणा के *x* सिद्धान्त और *y* सिद्धान्त के बीच अन्तर कीजिये।

18. What is "Halo effect" in C R S ? How does it help the Airlines ?

C R S में ''हेलो प्रभाव'' क्या है? यह हवाई यातायात में मदद किस प्रकार करता है?

19. Find out the difference between Financial Leverage and Operating Leverage ?

वित्तीय उत्तोलन और परिचालन उत्तोलन (लिवरेज) में क्या अन्तर है?

20. What is the concept of tourism carrying capacity ?

पर्यटन वहन क्षमता की अवधारणा क्या है?

SECTION - III
खण्ड – III

Note : This section contains **five (5)** questions of **twelve (12)** marks each. Each question is to be answered in **about 200** words. **(12x5=60 Marks)**

इस खंड में **बारह** (12) अंकों के **पाँच** (5) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **दो सौ** 200 शब्दों में अपेक्षित हैं। **(12x5=60 अंक)**

21. How does tourism affect the natural environment of the country ? Justify your answer with suitable examples in the Indian context.
देश के प्राकृतिक वातावरण को पर्यटन किस प्रकार प्रभावित करता है? अपने उत्तर को भारतीय संदर्भ के उपयुक्त उदाहरणों के साथ उचित सिद्ध कीजिये।

22. Describe the role of India Tourism Development Corporation in tourism development as it outlived its utility ? Support your answer with reasons.
पर्यटन के विकास में भारतीय पर्यटन विकास निगम की भूमिका की व्याख्या कीजिये क्योंकि यह अपनी उपयोगिता से अधिक समय तक टिकी है? अपने उत्तर की एवज में कारण दीजिये।

23. What are the various promotional strategies/schemes used by the travel agencies to attract potential customers towards their product/services ?
ट्रैवल एजेन्सियों द्वारा, अपने उत्पाद/सेवाओं के प्रति सम्भावित ग्राहकों को आकर्षित करने के लिये कौनसी विभिन्न संवर्धनात्मक रणनीतियां/स्कीमें उपयोग की जाती हैं?

24. What do you mean by "Sample design" what points should be taken into consideration by a researcher in developing a sample design for carrying tourism research project.
प्रतिदर्श रूपरेखा से आपका क्या अभिप्राय है? पर्यटन शोध परियोजना चलाने के लिये प्रतिदर्श रूपरेखा बनाने के लिये शोधकर्त्ता द्वारा किन बातों का ध्यान रखना चाहिये?

25. "Planning is looking ahead and controlling is looking back" do you agree with the statement ? Justify your answer ?
''नियोजन-आगे देखना है और नियन्त्रण-पीछे देखना है'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपना उत्तर उचित सिद्ध कीजिये।

SECTION - IV
खण्ड – IV

Note : This section consists of one essay type question of **forty (40)** marks to be answered in about **one thousand (1000)** words on any of the following topics. This question **carries 40** marks. **(40x1=40 Marks)**

नोट : इस खंड में एक **चालीस** (40) अंकों का निबन्धात्मक प्रश्न है जिसका उत्तर निम्नलिखित विषयों में से केवल एक पर, लगभग **एक हजार** (1000) शब्दों में अपेक्षित है। **(40x1=40 अंक)**

26. Over the years, a number of steps have been taken to develop tourism industry. Still, it is yet to emerge as a major segment of the Indian Economy. Suggest the product strategy to develop tourism in a sophisticated fashion.

कई वर्षों से पर्यटन उद्योग को विकसित करने के लिये कई कदम उठाये गये, परन्तु इसे अभी भी भारतीय अर्थव्यवस्था के मुख्य खण्ड के रूप में उभरना है। पर्यटन को आधुनिक/परिष्कृत ढ़ग से विकसित करने के लिये उत्पाद रणनीति सुझाइये।

OR/या

To be more specific in the developing countries like ours where the tourism industry has been facing the image problem, the application of marketing principles is essential. Give your reactions.

हमारे जैसे विकासशील देशों में, जहाँ पर्यटन उद्योग प्रतिमा (इमेज) समस्या का सामना कर रहा है, विपणन सिद्धान्तों का अनुप्रयोग ज्याद विशिष्ट रूप से अनिवार्य है। अपनी प्रतिक्रियाएं दीजिये।

FOR OFFICE USE ONLY							
Marks Obtained							
Question Number	**Marks Obtained**	**Question Number**	**Marks Obtained**	**Question Number**	**Marks Obtained**	**Question Number**	**Marks Obtained**
1		26		51		76	
2		27		52		77	
3		28		53		78	
4		29		54		79	
5		30		55		80	
6		31		56		81	
7		32		57		82	
8		33		58		83	
9		34		59		84	
10		35		60		85	
11		36		61		86	
12		37		62		87	
13		38		63		88	
14		39		64		89	
15		40		65		90	
16		41		66		91	
17		42		67		92	
18		43		68		93	
19		44		69		94	
20		45		70		95	
21		46		71		96	
22		47		72		97	
23		48		73		98	
24		49		74		99	
25		50		75		100	

Total Marks Obtained (in words) ....

(in figures) ....

Signature & Name of the Coordinator ....

(Evaluation) Date ....